प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. :

# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2026
# इन्टरमीडिएट परीक्षा – 2026

(ANNUAL / वार्षिक )

MODEL QUESTION PAPER

HINDI (Compulsory)

हिन्दी (अनिवार्य)

विषय कोड: / Subject Code : **106/ 125/ 206/224**

**प्रश्न पुस्तिका सेट कोड**
**Question Booklet Set Code**

कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106

Total Question : 100 + 6 = 106

कुल मुद्रित पृष्ठ : 22

Total Printed Pages : 22

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)

[Time : 3 Hours 15 Minutes]

(पूर्णांक : 100)

[Full Marks : 100]

---

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1- परीक्षार्थी OMR उत्तर–पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।

2- परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

3- दाहिनी ओर हाशिये में दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

4- प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

5- यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है – खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।

6- खण्ड 'अ' में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 प्रश्नों से अधिक प्रश्नों का उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जायेगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर–पत्रक में दिये गये सही विकल्प को काले/नीले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/ तरल पदार्थ/ ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर–पत्रक में प्रयोग करना मना है अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

7- खण्ड 'ब' में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित है।

8- किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।



Visit CollegeDekho

## खण्ड – अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें। 50 x 1 = 50

1. 'गोली से घायल बच्चे की हालत खराब है'– रेखांकित अंश किस पदबंध का उदारण है ?

(A) सर्वनाम (B) संज्ञा

(C) विशेषण (D) क्रियाविशेषण

2. 'जल' शब्द क्या है ?

(A) पुंलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

3. 'बादल घिरे और मयूर नाचने लगे' – कौन वाक्य है ?

(A) सरल वाक्य (B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं

4. 'कौन आ रहा है' – किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) प्रश्नवाचक (B) निजवाचक

(C) संबंधवाचक (D) पुरूषवाचक

5. सर्वनाम के कितने भेद होते हैं ?

(A) दो (B) चार

(C) पाँच (D) छः



Visit CollegeDekho

6. 'वाच्य' के कितने भेद हैं ?

(A) पाँच
(B) आठ
(C) तीन
(D) छः

7. 'बिहार के राज्यपाल कौन हैं ?' – इस वाक्य में 'कौन' किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) पुरुषवाचक
(B) निजवाचक
(C) प्रश्नवाचक
(D) संबंधवाचक

8. 'कुछ खा लो' – किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) प्रश्नवाचक
(B) निश्चयवाचक
(C) अनिश्चयवाचक
(D) निजवाचक

9. 'प्रथम' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) प्राथमिक
(B) प्रयास
(C) प्रार्थना
(D) पृथक

10. 'सब धन' – कौन विशेषण है ?

(A) संख्यावाचक
(B) परिमाणबोधक
(C) गुणवाचक
(D) सार्वनामिक

11. 'सेना' का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) वाहिनी
(B) तात
(C) पुष्प
(D) भवानी



Visit CollegeDekho

12. 'किरण' का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) ज्योति

(B) अम्बर

(C) पद्मा

(D) आदित्य

13. 'अभिमान' का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) अस्मिता

(B) कृशानु

(C) तिमिर

(D) अरण्य

14. 'चतुर' का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) संवेदना

(B) प्रवीण

(C) भूषण

(D) वेदना

15. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) परीक्षण

(B) परिक्षण

(C) प्रनाम

(D) प्रशाद

16. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) कवयित्री

(B) समीती

(C) ज्येस्ठ

(D) हीन्दूस्तान

17. पवर्ग का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) मूर्द्धा

(B) तालु

(C) ओष्ठ

(D) कंठ



Visit CollegeDekho

18. 'ष' वर्ण का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) कंठ (B) तालु

(C) मूर्द्धा (D) दंत

19. 'दिनेश पढ़ रहा है' – यह वाक्य किस काल से संबंधित है ?

(A) पूर्ण वर्तमान (B) तात्कालिक वर्तमान

(C) संदिग्ध वर्तमान (D) सामान्य वर्तमान

20. 'कृपणता' किस संज्ञा का उदाहरण है ?

(A) जातिवाचक (B) व्यक्तिवाचक

(C) भाववाचक (D) समूहवाचक

21. 'आलोक पढ़ कर खेलने गया'–यह किस क्रिया का उदाहरण है ?

(A) नामबोधक (B) प्रेरणार्थक

(C) अकर्मक (D) पूर्वकालिक

22. 'मनुष्य' किस संज्ञा का उदाहरण है ?

(A) गुणवाचक (B) जातिवाचक

(C) व्यक्तिवाचक (D) द्रव्यवाचक

23. 'रसोईघर' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरुष (B) द्विगु

(C) अव्ययीभाव (D) बहुव्रीहि



Visit CollegeDekho

24. 'त्रिकोण' शब्द कौन समास है ?

(A) नञ समास (B) द्विगु समास

(C) द्वन्द्व समास (D) तत्पुरूष समास

25. 'देश–विदेश' शब्द कौन समास है ?

(A) द्वन्द्व (B) तत्पुरूष

(C) अव्ययीभाव (D) कर्मधारय

26. निम्नलिखित में कौन शुद्ध वाक्य है ?

(A) उसका कमर चौड़ा है। (B) सीता ने झूठ कहा था।

(C) मैं सारी पुस्तक पढ़ डाली। (D) तुम, मैं और वह चलेगा।

27. 'जीव–जन्तु' शब्द कौन समास है ?

(A) कर्मधारय (B) द्वन्द्व

(C) द्विगु (D) अव्ययीभाव

28. 'खिचड़ी' किस शब्द का उदाहरण है ?

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) विदेशी

29. 'कारक' के कितने भेद हैं ?

(A) पाँच (B) छः

(C) तीन (D) आठ



Visit CollegeDekho

30. 'आँखों से देखा' –किस कारक का उदाहरण है ?

(A) करण कारक (B) कर्म कारक

(C) संबंध कारक (D) कर्त्ता कारक

31. 'एक पंथ, दो काज' – लोकोक्ति का अर्थ है –

(A) दो कामों में एक न बन पाना (B) दूना लाभ

(C) एक साथ दो काम (D) एक साथ चलना

32. 'पेड़ से पत्ता गिरता है' –किस कारक का उदाहरण है ?

(A) अपादान कारक (B) कर्त्ताकारक

(C) करण कारक (D) संबंध कारक

33. 'राम ने कहा होगा' –यह किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) आज्ञावाचक (B) संदेहवाचक

(C) निषेधवाचक (D) इच्छावाचक

34. 'राष्ट्र' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) राष्ट्राध्यक्ष (B) राष्ट्रीय

(C) देशीय (D) राजकीय

35. 'अच्छाई' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) भाववाचक (B) व्यक्तिवाचक

(C) समूहवाचक (D) जातिवाचक



Visit CollegeDekho

36. 'मोती' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) समूहवाचक

(B) जातिवाचक

(C) द्रव्यवाचक

(D) व्यक्तिवाचक

37. 'लेखक' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक

(B) व्यक्तिवाचक

(C) भाववाचक

(D) समूहवाचक

38. वैसे शब्द को क्या कहते हैं, जो संस्कृत और प्राकृत से विकृत होकर हिन्दी में आए हैं ?

(A) तत्सम

(B) तद्भव

(C) देशज

(D) विदेशी

39. 'नायक' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द क्या है ?

(A) नायिका

(B) नर्त्तकी

(C) अभिनेत्री

(D) नायीकी

40. 'वृष्टि का अभाव' वाक्यखंड के लिए एक शब्द है –

(A) अनावृष्टि

(B) अतिवृष्टि

(C) अप्रत्याशित

(D) आशातीत

41. निम्नलिखित में कौन विसर्ग संधि का उदाहरण है ?

(A) सज्जन

(B) महर्षि

(C) गायक

(D) यशोधरा



Visit CollegeDekho

42. 'चतुर्भुज' शब्द कौन समास है ?

(A) कर्मधारय
(B) बहुव्रीहि
(C) द्वन्द्व
(D) तत्पुरुष

43. 'कर्तव्य' में कौन प्रत्यय है ?

(A) य
(B) आ
(C) व्यय
(D) तव्य

44. शब्दों के बाद जो अक्षर या अक्षरसमूह लगाया जाता है, उसे क्या कहते हैं ?

(A) उपसर्ग
(B) अव्यय
(C) प्रत्यय
(D) वचन

45. 'फल–फूल' शब्द में कौन समास है ?

(A) तत्पुरुष
(B) कर्मधारय
(C) द्वन्द्व
(D) बहुव्रीहि

46. 'अभ्यागत' शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) अभी+गत
(B) अभि+अगत
(C) अभि+आगत
(D) अभी+आगत

47. 'उपवन' में कौन उपसर्ग है ?

(A) वन
(B) उप
(C) आ
(D) उद्



Visit CollegeDekho

48. 'अभिलाषा' में कौन उपसर्ग है ?

(A) लाषा
(B) अ
(C) अभि
(D) अव

49. निम्नलिखित में पुंलिंग शब्द है –

(A) कमीज
(B) तोप
(C) संस्था
(D) सहयोग

50. 'पुष्प' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) पुष्पित
(B) पुष्पा
(C) पुष्पमाला
(D) फूलमाला

51. 'यह नया माल है' – इस वाक्य में 'नया' शब्द क्या है ?

(A) संज्ञा
(B) क्रिया
(C) सर्वनाम
(D) विशेषण

52. 'दिन' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) दैनिक
(B) दिनभर
(C) सुदिन
(D) दिवाकर

53. 'अंडे के छिलके' शीर्षक रचना किसकी है ?

(A) मोहन राकेश की
(B) रघुवीर सहाय की
(C) अशोक वाजपेयी की
(D) ज्ञानेन्द्रपति की



Visit CollegeDekho

54. नामवर सिंह को 'कविता के नए प्रतिमान' शीर्षक रचना पर कौन पुरस्कार प्राप्त हुआ है ?

(A) साहित्य अकादमी
(B) ज्ञानपीठ
(C) व्यास
(D) सरस्वती

55. 'दलित साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र' किस विधा की रचना है ?

(A) उपन्यास
(B) आलोचना
(C) नाटक
(D) निबंध

56. 'विनय पत्रिका' शीर्षक रचना किसकी है ?

(A) सूरदास की
(B) तुलसीदास की
(C) भूषण की
(D) नाभादास की

57. 'अष्टयाम' शीर्षक ग्रंथ की भाषा है –

(A) ब्रजभाषा
(B) मैथिली
(C) राजस्थानी
(D) खड़ीबोली

58. कवि भूषण के आश्रयदाता थे –

(A) शिवाजी
(B) छत्रसाल
(C) शाहूजी
(D) इनमें से सभी

59. 'बोलने से ही मनुष्य के रूप का साक्षात्कार होता है'–यह कथन किस पाठ से सम्बन्धित है ?

(A) बातचीत
(B) जूठन
(C) रोज
(D) तिरिछ



Visit CollegeDekho

60. 'गंडक नदी का जल तो सदियों से चंचल रहा है'–यह कथन किस पाठ से सम्बन्धित है ?

(A) ओ सदानीरा (B) तिरिछ

(C) रोज (D) सिपाही की माँ

61. 'रानी खेत' नामक स्थान की चर्चा किस शीर्षक पाठ में है ?

(A) हँसते हुए मेरा अकेलापन (B) सिपाही की माँ

(C) रोज (D) ओ सदानीरा

62. 'बँधी हुई मुट्ठियों' का सम्बन्ध किस पठित कविता से है ?

(A) जन–जन का चेहरा एक (B) पुत्र–वियोग

(C) उषा (D) अधिनायक

63. 'खिलौना' शब्द किस कविता से संबंधित है ?

(A) पुत्र–वियोग (B) हार–जीत

(C) अधिनायक (D) गाँव का घर

64. निम्नलिखित में कौन 'कामायनी' महाकाव्य का पात्र नहीं है ?

(A) मनु (B) श्रद्धा

(C) इड़ा (D) सतरुपा

65. हिन्दी कहानी के विकास में 'मील का पत्थर' कौन कहानी मानी जाती है ?

(A) उसने कहा था (B) रोज

(C) तिरिछ (D) पंचपरमेश्वर



Visit CollegeDekho

66. 'ग्रैंग्रीन' का उल्लेख किस कहानी में है ?

(A) रोज
(B) तिरिछ
(C) शिक्षा
(D) उसने कहा था

67. 'एक लेख और एक पत्र' में भगत सिंह ने किसको पत्र लिखा था ?

(A) राजगुरू को
(B) सुखदेव को
(C) बिस्मिल को
(D) अशफाक खाँ को

68. 'वैशाली महोत्सव' का प्रतिवर्ष आयोजन किसने प्रारंभ करवाया ?

(A) जगदीश चंद्र माथुर ने
(B) रामधारी सिंह दिनकर ने
(C) नागार्जुन ने
(D) रघुवीर सहाय ने

69. 'सिपाही की माँ' शीर्षक पाठ की साहित्यिक विधा क्या है ?

(A) कहानी
(B) एकांकी
(C) निबंध
(D) रेखाचित्र

70. 'जूठन' शीर्षक पाठ किस विधा में रचित है ?

(A) रेखाचित्र
(B) शब्दचित्र
(C) आत्मकथा
(D) नाटक

71. मोहन राकेश का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) अमृतसर
(B) जयपुर
(C) इलाहाबाद
(D) प्रयागराज



Visit CollegeDekho

72. नामवर सिंह का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) वाराणसी (B) लखनऊ

(C) पटना (D) राँची

73. ओमप्रकाश वाल्मीकि का जन्म स्थान कहाँ है ?

(A) मुजफ्फरनगर (B) प्रयागराज

(C) बनारस (D) अमृतसर

74. पठित कविता के अनुसार चातकी किसके लिए तरसती है ?

(A) स्वाति नक्षत्र के बूँदों के लिए (B) माघा नक्षत्र के बूँदों के लिए

(C) भरणी नक्षत्र के बूँदों के लिए (D) चित्रा नक्षत्र के बूँदों के लिए

75. रघुवीर सहाय का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) लखनऊ में (B) पटना में

(C) वाराणसी में (D) इलाहाबाद में

76. कवि शमशेर बहादुर सिंह ने गतिशील बिम्बों के द्वारा किसका चित्रण किया है ?

(A) संध्या का (B) रजनी का

(C) दोपहर का (D) उषा का

77. मोहन राकेश की माता का नाम क्या था ?

(A) बच्चन कौर (B) निर्मला कौर

(C) प्रकाश कौर (D) भिवानी कौर



Visit CollegeDekho

78. नामवर सिंह के पिता का नाम क्या था ?

(A) नागर सिंह
(B) राम नगर सिंह
(C) नागेश्वर सिंह
(D) नारायण सिंह

79. कवि मुक्तिबोध ने मानव की आत्मा को क्या माना है ?

(A) एक
(B) अनेक
(C) मूर्त
(D) अमूर्त

80. तुलसीदास के पिता का नाम क्या था ?

(A) आत्माराम मिश्र
(B) आत्माराम दुबे
(C) आत्माराम तिवारी
(D) आत्माराम पंडित

81. विनोद कुमार शुक्ल ने किस विश्वविद्यालय में एसोशिएट प्रोफेसर के पद पर कार्य किया ?

(A) बिहार कृषि विश्वविद्यालय
(B) इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय
(C) डॉ० रोजन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
(D) पंजाब कृषि विश्वविद्यालय

82. सुभद्रा कुमारी चौहान के पिता का नाम क्या था ?

(A) ठाकुर शंभूनाथ सिंह
(B) ठाकुर रामनाथ सिंह
(C) ठाकुर शंभू सिंह
(D) ठाकुर रामानंद सिंह

83. जयप्रकाश नारायण का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(A) 1902 ई०
(B) 1910 ई०
(C) 1909 ई०
(D) 1912 ई०



Visit CollegeDekho

84. भगत सिंह के चाचा अजीत सिंह ने विदेशों से किस संग्राम का संचालन किया ?

(A) प्रबुद्ध भारत
(B) मुक्तिसंग्राम
(C) युवासंग्राम
(D) स्वदेशी

85. राजा नान्यदेव किस राजवंश से संबंधित थे ?

(A) पालवंश
(B) कर्णाट वंश
(C) चोलवंश
(D) मल्ल राजवंश

86. तुलसीदास का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(A) 1543 ई०
(B) 1443 ई०
(C) 1643 ई०
(D) 1545 ई०

87. कवि रघुवीर सहाय के अनुसार कौन अपनी जय–जयकार कराता है ?

(A) जनता
(B) हरचना
(C) कृषक
(D) अधिनायक

88. निम्नलिखित में कौन 'उसने कहा था' शीर्षक पाठ का पात्र नहीं है ?

(A) वजीरा सिंह
(B) बोधा सिंह
(C) वीरम सिंह
(D) पोल्हूराम

89. राष्ट्रकवि के रुप में कौन प्रसिद्ध हुए ?

(A) रामधारी सिंह दिनकर
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) रघुवीर सहाय
(D) निराला



Visit CollegeDekho

90. रामधारी सिंह दिनकर किस युग के कवि हैं ?

(A) प्रयोगवादी युग के

(B) भारतेन्दु युग के

(C) द्विवेदी युग के

(D) छायावादोत्तर युग के

91. 'तिरिछ' शीर्षक पाठ की साहित्यिक विधा है –

(A) ऐतिहासिक पत्र

(B) संस्मरण

(C) कहानी

(D) रेखाचित्र

92. 'ओ सदानीरा' शीर्षक पाठ हिन्दी साहित्य में किस विधा के अन्तर्गत है ?

(A) नाटक

(B) यात्रा–वृतांत

(C) उपन्यास

(D) निबंध

93. 'गाँव का घर' शीर्षक कविता के कवि कौन हैं ?

(A) ज्ञानेन्द्रपति

(B) अशोक वाजपेयी

(C) रघुवीर सहाय

(D) भूषण

94. 'कौमुदी' नामक कविता केन्द्र की स्थापना किसने की ?

(A) अशोक वाजपेयी ने

(B) रघुवीर सहाय ने

(C) अज्ञेय ने

(D) दिनकर ने

95. चेखव किस देश के रहने वाले थे ?

(A) जापान

(B) अमेरिका

(C) रूस

(D) ब्रिटेन



Visit CollegeDekho

96. इवान द्मीत्रिच चेख्यकोव पेशे से क्या था ?

(A) अभिनेता (B) क्लर्क

(C) प्रोफेसर (D) डॉक्टर

97. कौन लेखक कांगों के शिक्षामंत्री, वित्तमंत्री एवं प्रधानमंत्री रह चुके हैं ?

(A) हेनरी लोपेज (B) अंतोन चेखव

(C) गाइ–डि–मोपासाँ (D) इनमें से कोई नहीं

98. वात्सल्य भाव के सर्वश्रेष्ठ कवि हैं ?

(A) सूरदास (B) कबीरदास

(C) भूषण (D) जायसी

99. 'कार मेन' किस कहानी की पात्र है ?

(A) पेशगी (B) क्लर्क की मौत

(C) रोज (D) तिरिछ

100. 'प्रेम के पीर' के कवि कौन हैं –

(A) जायसी (B) तुलसीदास

(C) सूरदास (D) कबीरदास



Visit CollegeDekho

## खण्ड – ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1- निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें। 1 x 8 = 8

(i) मेरे प्रिय कवि

(ii) हमारे पावन पर्व

(iii) चुनाव–प्रक्रिया

(iv) महिला सशक्तिकरण

(v) आपका प्रिय खेल

(vi) लोकतंत्र की दशा और दिशा

2- निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें। 2 x 4 = 8

(i) 'सच है, जब तक मनुष्य बोलता नहीं तब तक उसका गुण–दोष प्रकट नहीं होता।'

(ii) 'सदियों से नारी अपने भीतर के नर को और नर अपने भीतर की नारी को बेतरह दबाता आ रहा है।'

(iii) 'पवन की प्राचीर में रुक, जला जीवन जा रहा झुक;

इस झुलसते विश्व–वन की, मैं कुसुम ऋतु रात रे मन !'

(iv) 'आज दिशाएँ भी हँसती हैं है उल्लास विश्व पर छाया,
मेरा खोया हुआ खिलौना अब तक मेरे पास न आया।'



Visit CollegeDekho

3- अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य के पास एक आवेदन–पत्र लिखें, जिसमें खेल सामग्री उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया हो। 1 x 5 = 5

अथवा

अपने पिता के पास एक पत्र लिखते हुए अपने छात्रावास के जीवन के बारे में बताएँ।

4- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दें : 5 x 2 = 10

(i) लहना सिंह के गाँव में आया तुर्की मौलवी क्या कहता था ?

(ii) बुद्ध ने आनंद से क्या कहा ?

(iii) भगत सिंह की विद्यार्थियों से क्या अपेक्षाएँ हैं ?

(iv) गाँधीजी के शिक्षा संबंधी आदर्श क्या थे ?

(v) 'जूठन' शीर्षक पाठ में घर पहुँचने पर लेखक को देख उनकी माँ क्यों रो पड़ती है ?

(vi) जायसी रचित पहले कड़बक में कलंक, काँच और कंचन से क्या तात्पर्य है ?

(vii) कृष्ण खाते समय क्या–क्या करते हैं ?

(viii) कवि मुक्तिबोध ने सितारे को भयानक क्यों कहा है ?

(ix) 'गाँव का घर' शीर्षक कविता में किस शोकगीत की चर्चा है ?

(x) 'हार–जीत' शीर्षक कविता में सड़कों को क्यों सींचा जा रहा है ?



Visit CollegeDekho

5- निम्नलिखित प्रश्नों में से तीन प्रश्नों के उत्तर दें : 3 x 5 = 15

(i) अगर हममें वाक् शक्ति न होती, तो क्या होता ?

'बातचीत' शीर्षक निबंध के आधार पर उत्तर दें ।

(ii) लहनासिंह का परिचय अपने शब्दों में दें।

(iii) प्रवृति मार्ग और निवृति मार्ग क्या है ?

(iv) कवयित्री स्वयं को असहाय और विवश क्यों कहती हैं ?

(v) 'हार–जीत' शीर्षक कविता का भावार्थ लिखिए।

(vi) भूषण के प्रथम कवित्त का सारांश लिखें।

6- निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक का संक्षेपण कीजिए : 1 x 4 = 4

(i) जीवन में बहुत सी चीजें बहुत जरूरी हैं। मगर पानी सबसे अधिक जरूरी है। अन्न के बिना दो–चार दिनों तक रहना संभव है, मगर पानी के बिना एक दिन भी गुजारना कठिन है। ऐसी हालत में हमारे देश में पीने का पानी की समस्या का बने रहना घोर लज्जा का विषय है। सरकार को इस समस्या का समाधान करना चाहिए। इसी से भारत में पशु, पक्षी एवं मानव का जीवन बदतर होने से बचाया जा सकता है।

(ii) मनुष्य का मन सदैव गतिशील रहता है। ऐसा होता है कि विरोधी शक्तियाँ उसे अपनी ओर खींचती हैं। जो मनुष्य मन की विपरीत परिस्थितियों में अपने को मजबूती से खड़ा नहीं रख सकते हैं और उस धारा के साथ बह जाते हैं वे कभी अपने उद्देश्य को पूरा नहीं कर सकेगें। उनके लिए तो यही कहना उचित होगा कि वे जीवित रहते हुए भी मुर्दे के समान हैं। मन की अवस्था



Visit CollegeDekho

तो सभी की पलटती है। जो व्यक्ति समय और परिस्थिति को समझ लेते हैं वे कभी धोखा नहीं खा सकते और कठिनाइयों के बीच भी अपना रास्ता खोज लेते हैं। कुछ लोग प्रतिकूल मनोदशा से त्रस्त होकर चुप रहते हैं। वैसे मनुष्यों का जीवन नारकीय बन जाता है।



Visit CollegeDekho